Roll No. ....

9661

B.A. LL. B. (Hons.) 5 year course 1st Semester Examination – March, 2021

HINDI-I

Paper : 101

Time : Three hours] *[Maximum Marks : 80*

Before answering the questions, candidates should ensure that they have been supplied the correct and complete question paper. No complaint in this regard, will be entertained after examination.

प्रश्नों के उत्तर देने से पहले परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उनको पूर्ण एवं सही प्रश्न-पत्र मिला है। परीक्षा के उपरान्त इस संबंध में कोई भी शिकायत नहीं सुनी जायेगी।

नोट : निर्देशानुसार सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिये गये हैं।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 7 × 2 = 14

(क) 'उसने कहा था' नामक कहानी की मूल संवेदना लिखिए।

अथवा

'परदा' कहानी की प्रमुख समस्या क्या है ?

P. T. O.

(ख) 'वापसी' कहानी के आधार [illegible] विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

नन्हकू सिंह की चरित्रगत विशेषताएँ लिखिए।

2. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7 × 2 = 14

(क) मालती मेरी दूर के रिश्ते की बहन है, किंतु उसे सखी कहना ही उचित है, क्योकि हमारा परस्पर संबंध सख्य का ही रहा है। हम बचपन से इकट्ठे खेले हैं, इकट्ठे लड़े और पिटे हैं, और हमारी पढ़ाई भी बहुत-सी इकट्ठे ही हुई थी। और हमारे व्यवहार में सदा सख्य की स्वेच्छा और स्वच्छन्दता रही है, वह कभी भ्रातृत्व के या बड़े-छोटेपन के बंधनों में नहीं घिरा......

अथवा

मालूम होता था कि अगर आशुतोष ने चोरी की है तो उसका, इतना दोष नहीं है, बल्कि यह हमारे ऊपर बड़ा भारी इलजाम है। बच्चे में चोरी की आदत भयावह हो सकती है। लेकिन बच्चे के लिए वैसी लाचारी उपस्थित हो आई, यह और भी कहीं भयावह है।

(ख) कहीं कुछ था, लेकिन क्या था, कोई भी स्पष्ट नहीं जानता था। मैं अनेक दंगे देख चुका था, इसलिए वातावरण में होनेवाली छोटी-सी तब्दीली को भी भाँप गया था। भागते व्यक्ति, खटाक-से बंद होते दरवाजे, घरों की छतों पर खड़े लोग, चुप्पी और सन्नाटा, सभी दंगों के चिह्न थे।

https://www.mdupapers.com

अथवा

और जैसे ही अरथी मोड़ पर घूमती है लोगों की भीड़ और कारों की कतार मुझे दिखाई देने लगती है। कुछ स्कूटर भी खड़े हैं। औरतों की भीड़ एक तरफ खड़ी है। उनकी बातों की ऊँची ध्वनियाँ सुनाई पड़ रही हैं। उनके खड़े होने में वही लचक है जो कनॉट प्लेस में दिखाई पड़ती है।

3. (क) 'भारत में अमीर-गरीब के लिए समान मूलभूत अधिकार : एक स्वप्न या वास्तविकता' विषय के पक्ष-विपक्ष में विचार दीजिए। 7

अथवा

'न्यायपालिका की स्वतंत्रता' के पक्ष-विपक्ष में विचार दीजिए।

(ख) 'भारत में भ्रष्टाचार का उन्मूलन : मिथक या हकीकत' के पक्ष-विपक्ष में तर्क दीजिए। 7

अथवा

'ई-बैंकिंग : वरदान या अभिषाप' विषय के पक्ष-विपक्ष में तर्क दीजिए।

4. किन्हीं सात विधि शब्दों के अंग्रेजी शब्द लिखकर हिंदी में वाक्य बनाइए : 2 × 7 = 14

अधिसूचना, अंतरिम अनुतोष, आत्मरक्षा, अपवचन, आवश्यक तथ्य, जनहित कार्यप्रणाली, तथ्य छिपाना, न्यूनीकरण, निकृष्ट आचरण, याचिका, दावेदार, चुंगी।

P. T. O.

5. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 3 × 8 = 24

(i) 'पूस की रात' कहानी के आधार पर हल्कू का चरित्र बताइए।

(ii) 'लाल पान की बेगम' कहानी की मूल समस्या बताइए।

(iii) गद्यांश की व्याख्या से पहले प्रसंग की आवश्यकता क्यों होती है ?

(iv) अपनी पाठ्यपुस्तक का नाम व संपादक का नाम बताइए।

(v) लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका पर एक नोट लिखिए।

(vi) सामाजिक असहिष्णुता बढ़ाने के जिम्मेदार कारकों पर एक नोट लिखिए।

(vii) 'कुर्की' और 'कानूनी निकाय' शब्दों के अंग्रेजी शब्द बताकर हिंदी में वाक्य बताइए।

(viii) 'कठोर कारावास' और 'कदाचार' शब्दों के अंग्रेजी शब्द बताकर हिंदी में वाक्य बनाइए।

---

https://www.mdustudy.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

https://www.mdupapers.com